संख्या-3/2025/110/2025/12-5099/140/2024

प्रेषक,

विनोद कुमार सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक उ0प्र0
कृषि भवन लखनऊ

कृषि अनुभाग-5 **लखनऊ :दिनांक 05 फरवरी, 2025**

विषय- "पर ब्लाक वन क्राप" कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 127 विकास खण्डों हेतु विशिष्ट फसलों का चयन एवं उनके क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या प्रसार/1554/पर ब्लॉक वन क्रॉप/2024-25, दिनांक 20 जनवरी, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर के स्तर पर लाये जाने हेतु कृषि एवं औद्यानिक क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि आधारित उद्यूमों को फसल उत्पादन के साथ सम्बद्ध करते हुए उपज के मूल्य संवर्द्धन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के दृष्टिकोण से उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिए तथा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से "पर ब्लॉक वन क्राप" कार्यक्रम निम्नांकित मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अन्तर्गत प्रारम्भ किया जायेगा:-

1. प्रदेश के समस्त विकास खण्डों हेतु कृषि जलवायु क्षेत्र, हाई वैल्यू, निर्यात एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में उपर्युक्त विशिष्ट कृषि फसलों का चयन कृषि विभाग द्वारा तथा औद्यानिक फसल का चयन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा प्रदेश के 127 विकासखण्डो में उपर्युक्त कृषि फसलों का चयन किया गया है, जिसकी सूची पत्र के साथ संलग्न है।
2. चयनित फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त बीज, कृषि यंत्र, कृषि रक्षा रसायन तथा उर्वरक एवं अन्य निवेश आदि की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी, जिसके लिए आपूर्ति श्रंखला विकसित की जायेगी तथा उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों/किस्मों के लिए प्रदेश के अनुसंधान संस्थानों से सहयोग प्राप्त किया जायेगा।
3. फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात प्रोत्साहन हेतु राष्ट्रीय एंव अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के मानकों के अनुपालन तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच को सुगम बनाने हेतु कृषकों एवं कृषक उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ) को कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीकी की जानकारी प्रदान की जायेगी तथा निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं के साथ साझेदारी को बढ़ावा जायेगा।
4. फसल कटाई के उपरान्त होने वाली क्षति को कम करने, फसल उत्पादों की उच्चगुणवत्ता बनाये रखने, इकाई लागत को कम किये जाने एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ाने हेतु सम्पूर्ण मूल्य श्रंखला को विकसित किया जायेगा। इकाई लागत को कम किये जाने हेतु मशीनीकरण, मूल्य श्रंखला के अन्तर्गत भण्डारण, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग जैसी सुविधाओं की स्थापना का कार्य किया जायेगा।
5. चयनित फसल के लिए उन्नत कृषि तकनीकी, कटाई उपरान्त प्रबन्धन, मूल्य संवर्द्धन तथा निर्यात प्रबन्धन पर कृषकों एवं कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, किसानों एंव उद्यमियों के तकनीकी ज्ञानवर्धन हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

6. कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जाने वाले क्षेत्र विस्तार, आपूर्ति श्रंखला, कटाई उपरान्त प्रबंधन हेतु सुविधाओं की स्थापना एवं निर्यात को बढ़ावा देने का कार्य राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से चयनित फसल को प्राथमिकता देते हुए किया जायेगा।
7. कार्यक्रम का अनुश्रवण जनपद स्तर पर कृषि एवं उद्यान विभाग के जनपदीय अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विकास खण्ड के लिए चयनित फसल के आधार पर संबंधित विभाग द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा।
8. "पर ब्लाक वन क्राप" कार्यक्रम का कार्यान्वयन कृषि विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग तथा मण्डी परिषद के सहयोग से किया जायेगा।

कृपया उपर्युक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
विनोद कुमार सिंह
उप सचिव।

संख्या-3/2025/110(1)/12-5099/140/2024 , तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. निदेशक, उद्यान विभाग, उ0प्र0
5. निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, उ0प्र0
6. निदेशक, मण्डी परिषद, उ0प्र0
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार वर्मा
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

पत्र संख्या- /110/2025/12-5099/140/2024 ,दिनांक फरवरी, 2025 का संलग्नक(1)

पर ब्लाक वन क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित फसलों की विकास खण्डवार सूची:-

कम सं०	जनपद का नाम	विकास खण्ड	फसल का नाम	PBOC अन्तर्गत चयनित फसल का नाम
1	2	3	4	5
1	आगरा	फतेहपुरसीकरी	सरसों	सरसों
2	आगरा	जगनेर	सरसों	सरसों
3	आगरा	जैतपुर कलां	सरसों	सरसों
4	आगरा	खेरागढ़	सरसों	सरसों
5	आगरा	सैयान	सरसों	सरसों
6	अलीगढ़	अकराबाद	धान	बासमती धान
7	अलीगढ़	अतरौली	सरसों	सरसों
8	अलीगढ़	बिजौली	बाजरा	बाजरा
9	अलीगढ़	चंडौस	धान	बासमती धान
10	अलीगढ़	धनीपुर	धान	बासमती धान
11	अलीगढ़	जवाँ	धान	बासमती धान
12	अलीगढ़	खैर	धान	बासमती धान
13	अलीगढ़	लोढ़ा	धान	बासमती धान
14	अलीगढ़	टप्पल	धान	बासमती धान
15	अमेठी	अमेठी	सरसों	सरसों
16	अमेठी	भेटुआ	मसूर	मसूर
17	अमेठी	गौरीगंज	सरसों	सरसों
18	अमेठी	सिम्हपुर	धान	बासमती धान
19	अमेठी	तिलोई	धान	बासमती धान
20	औरइया	अजीतमल	सरसों	सरसों
21	औरइया	औरैया	सरसों	सरसों
22	औरइया	भाग्यनगर	सरसों	सरसों
23	बागपत	बरौत	धान	बासमती धान
24	बागपत	पिलाना	धान	बासमती धान
25	बहराइच	बलहा	धान	बासमती धान
26	बहराइच	जरवल	धान	बासमती धान
27	बहराइच	कैसरगंज	मक्का	बेबी कार्न
28	बहराइच	महसी	मसूर	मसूर
29	बहराइच	फखरपुर	मसूर	मसूर
30	बहराइच	प्रयागपुर	धान	कत्तानमक धान

31	बहराइच	रिसिया	मक्का	बेबी कार्न
32	बहराइच	शिवपुर	धान	बासमती धान
33	बहराइच	तजवापुर	मक्का	बेबी कार्न
34	बलिया	बैरिया	मक्का	बेबी कार्न
35	बलरामपुर	श्री दत्त गंज	सरसों	सरसों
36	बांदा	बिसण्डा	सरसों	सरसों
37	बांदा	जसपुरा	सरसों	सरसों
38	बांदा	तिन्दवारी	तिल	तिल
39	बस्ती	दुबौलिया	धान	कालानमक धान
40	बस्ती	कुदरहा	धान	कालानमक धान
41	बिजनौर	अफजलगढ़	धान	बासमती धान
42	बदायूँ	समरेर	धान	बासमती धान
43	बुलन्दशहर	अरनिया	धान	बासमती धान
44	बुलन्दशहर	खुर्जा	धान	बासमती धान
45	बुलन्दशहर	ऊंचागांव	मक्का	बेबी कार्न
46	बुलन्दशहर	बीबीनगर	सरसों	सरसों
47	बुलन्दशहर	अगौता	सरसों	सरसों
48	चन्दौली	बरहनी	मसूर	मसूर
49	चित्रकूट	कर्वी	सरसों	सरसों
50	चित्रकूट	मानिकपुर	ज्वार	ज्वार
51	चित्रकूट	मऊ	चना	चना
52	चित्रकूट	पहाड़ी	अरहर	अरहर
53	एटा	अलीगंज	बाजरा	बाजरा
54	एटा	जलेसर	धान	बासमती धान
55	इटावा	बरहपुरा	बाजरा	बाजरा
56	इटावा	बसरेहर	धान	बासमती धान
57	इटावा	भरथना	धान	बासमती धान
58	इटावा	चकरनगर	सरसों	सरसों
59	इटावा	सैफई	धान	बासमती धान
60	इटावा	ताखा	धान	बासमती धान
61	फर्रुखाबाद	बरहपुर	मक्का	बेबी कार्न
62	गौतमबुद्ध नगर	बिसरख	धान	बासमती धान
63	गौतमबुद्ध नगर	दादरी	धान	बासमती धान
64	गौतमबुद्ध नगर	दनकौर	धान	बासमती धान
65	गौतमबुद्ध नगर	जेवर	सरसों	सरसों
66	गोण्डा	छपिया	धान	कालानमक धान
67	गोण्डा	परसपुर	धान	कालानमक धान
68	गोण्डा	रुपईडीह	धान	कालानमक धान
69	गोण्डा	वजीरगंज	धान	कालानमक धान

70	गोरखपुर	भरोहिया	सरसों	सरसों
71	हमीरपुर	सुमेरपुर	तिल	तिल
72	हापुड़	धौलाना	धान	बासमती धान
73	हापुड़	हापुड़	धान	बासमती धान
74	हापुड़	सिम्भावली	धान	बासमती धान
75	हरदोई	अहिरोरी	मूंगफली	मूंगफली
76	हरदोई	बावन	उर्द	उर्द
77	हरदोई	सांडी	मूंगफली	मूंगफली
78	हरदोई	सुरसा	मक्का	बेबी कार्न
79	हरदोई	टोडरपुर	तिल	तिल
80	जालौन	कदौरा	गेहूं	कठिया गेहूं
81	झाँसी	बड़ागांव	मूंगफली	मूंगफली
82	झाँसी	चिरगांव	गेहूं	कठिया गेहूं
83	झाँसी	मऊ रानीपुर	उर्द	उर्द
84	कन्नपुर देहात	सरवनखेड़ा	धान	बासमती धान
85	कन्नपुर नगर	पतारा	ज्वार	ज्वार
86	मथुरा	चौमुह	धान	बासमती धान
87	मथुरा	छाता	धान	बासमती धान
88	मथुरा	गोवर्धन	सरसों	सरसों
89	मथुरा	नंदगाँव	धान	बासमती धान
90	मथुरा	नौहझील	सरसों	सरसों
91	मऊ	बडरांव	सरसों	सरसों
92	मऊ	दोहरीघाट	सरसों	सरसों
93	मऊ	रानीपुर	सरसों	सरसों
94	मऊ	रतनपुरा	सरसों	सरसों
95	मिर्जापुर	जमालपुर	धान	आदमचीनी धान
96	मिर्जापुर	कोन	धान	आदमचीनी धान
97	मिर्जापुर	मझवा	धान	आदमचीनी धान
98	मिर्जापुर	पहाड़ी	बाजरा	बाजरा
99	मिर्जापुर	लालगंज	सरसों	सरसों
100	मुजफ्फर नगर	बुढाना	सरसों	सरसों
101	मुजफ्फर नगर	मोरना	धान	बासमती धान
102	मुजफ्फर नगर	शाहपुर	सरसों	सरसों
103	संतकबीर नगर	बेलहर कला	सरसों	सरसों
104	संतकबीर नगर	नाथनगर	सरसों	सरसों
105	सहारनपुर	मिर्जापुर	धान	बासमती धान
106	सिद्धार्थनगर	बर्डपुर	धान	कालानमक धान
107	सिद्धार्थनगर	लोटन	धान	कालानमक धान
108				

	सिद्धार्थनगर	शोहरतगढ़	धान	कालानमक धान
109	सिद्धार्थनगर	ठस्का बाजार	धान	कालानमक धान
110	सिद्धार्थनगर	नौगढ़	धान	कालानमक धान
111	सीतापुर	हरगांव	सरसों	सरसों
112	सीतापुर	पहला	सरसों	सरसों
113	सीतापुर	परसेण्डी	सरसों	सरसों
114	सीतापुर	सिधौली	सरसों	सरसों
115	सोनभद्र	बभनी	सावां	सावां
116	सोनभद्र	चतरा	अरहर	अरहर
117	सोनभद्र	चोपन	अरहर	अरहर
118	सोनभद	कोन	अरहर	अरहर
119	सोनभद्र	म्योरपुर	सावा	सावा
120	सोनभद्र	नगवा	अरहर	अरहर
121	सोनभद्र	राबर्ट्सगंज	अरहर	अरहर
122	सोनभद्र	दुद्धी	मक्का	मक्का
123	सुल्तानपुर	अखण्डनगर	सरसों	सरसों
124	सुल्तानपुर	कादीपुर	मसूर	मसूर
125	सुल्तानपुर	करौंदीकला	सरसों	सरसों
126	सुल्तानपुर	कुरवर	अरहर	अरहर
127	सुल्तानपुर	मोतिगरपुर	अरहर	अरहर

Signed by Vinod Kumar Verma
(विनोद कुमार वर्मा)
Date: 04-02-2025 18:23:09
अनु सचिव।